**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT IV (2023-24)**

**GRADE- VI** **TIME -3 HRS**
**SUB: HINDI** **MARKS -100**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - खंड 'क' , खंड 'ख' , खंड 'ग' , खंड 'घ'|

(ii)चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii)यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्रश्न 1.अ)निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(7)**

कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा गया है और मॉरीशस को विश्व का स्वर्ग। मार्क ट्वेन ने तो स्वर्ग को मॉरीशस की प्रतिकृति कहा है। मॉरीशस समुद्र की गोद में बसा एक द्वीप है, जहाँ भारतीय संस्कृति अडिग और सुरक्षित है। भारतीय परिवेश तथा प्राकृतिक सुषमा से संपन्न लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस की यह मेरी पहली यात्रा थी। मैं एक शिष्टमंडल के साथ मॉरीशस जा रही थी। तीन अगस्त को हवाई यात्रा आरंभ हुई। उड़ान के दौरान मेरे सहयात्री अनिलजी ने मुझे मॉरीशस के दर्शनीय स्थलों के बारे में बताया। सुनते ही उन स्थलों को देखने के लिए मेरा मन आतुर हो उठा। मॉरीशस में जून से सितंबर तक सरदी का मौसम रहता है। मॉरीशस पहुँचते ही सभी यात्रियों ने शॉल-दुशाले निकालकर ओढ़ लिए। विमान से बाहर निकलने पर मॉरीशस की धरती की ठंडक भरी हवा से हमें मौसम का बदलाव महसूस हुआ। ऐसा लगा, जैसे शिमला की घाटियों में आ गए हों।

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

1.भारत का स्वर्ग' किसे कहा जाता है?

अ. कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा गया है । 1

आ. मॉरीशस को भारत का स्वर्ग कहा गया है।

इ. राजस्थान को भारत का स्वर्ग कहा गया है।

2.किस देश को 'विश्व का स्वर्ग' कहा गया है? 1

अ.मॉरीशस को विश्व का स्वर्ग कहा गया है।

आ. इटली को विश्व का स्वर्ग कहा गया है।

इ. अमेरिका को विश्व का स्वर्ग कहा गया है।

3.मॉरीशस में कब-से-कब तक सरदी का मौसम रहता है? 1

अ.मॉरीशस में जून से सितंबर तक सरदी का मौसम रहता है।

आ. मॉरीशस में अप्रैल से सितंबर तक सरदी का मौसम रहता है।

इ. मॉरीशस में अगस्त से सितंबर तक सरदी का मौसम रहता है।

4. किस द्वीप पर भारतीय संस्कृति सुरक्षित है? 1

अ. आयरलैंड

आ. मॉरीशस

इ. स्कॉटलैंड

5. लेखिका की हवाई यात्रा कब प्रारंभ हुई? 1

अ. लेखिका की हवाई यात्रा तीन अगस्त को प्रारंभ हुई।

आ.लेखिका की हवाई यात्रा चार अगस्त को प्रारंभ हुई।

इ. लेखिका की हवाई यात्रा सात अगस्त को प्रारंभ हुई।

6.मॉरीशस को 'स्वर्ग की प्रतिकृति' किसने कहा है? 1

अ.ऑस्कर वाइल्ड ने

आ.शेक्सपियर ने

इ.मार्क ट्वेन ने

7. मॉरीशस की धरती की ठंडक भरी हवा से लेखिका को कैसा बदलाव महसूस हुआ? 1

अ. जैसे शिमला की घाटियों में आ गए हो।

आ.जैसे कश्मीर की घाटियों में आ गए हो।

इ. जैसे नैनीताल की घाटियों में आ गए हो।

**आ)निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

सारे जग को पथ दिखलाने- वाला जो ध्रुव तारा है। भारत-भू ने जन्म दिया है, यह सौभाग्य हमारा है।।धूप खुली है, खुली हवा है, सौ रोगों की एक दवा है।

चंदन की खुशबू से भीगा- भीगा आँचल सारा है।।जन्मभूमि से बढ़कर सुंदर, कौन देश है इस धरती पर। इसमें जीना भी प्यारा है, इसमें मरना भी प्यारा है।।

चाहे आँधी शोर मचाए, चाहे बिजली आँख दिखाए। हम न झुकेंगे, हम न रुकेंगे, यही हमारा नारा है।।

चाँद और मंगल का सपना, सच होने जाता है अपना। अमर तिरंगा ध्वज उछालकर, नवयुग ने ललकारा है।।भारत-भू ने जन्म दिया है, यह सौभाग्य हमारा है।।

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

1.कवि को भारतभूमि में क्या करना प्यारा लगता है? 1

अ) जीना आ) मरना इ) जीना और मरना दोनों

2.अमर तिरंगा उछालकर किसने ललकारा है? 1

अ) स्वतंत्रता सेनानी ने आ) नवयुग ने इ) राष्ट्र ने

3. प्रस्तुत कविता में कवि ने क्या नारा दिया है? 1

अ) हम ना झुकेंगे हम ना रूखेंगे आ) हम लड़ेंगे हम मरेंगे इ) दिए गए सभी

4.कवि ने सौ रोगों की एक दवा किसे माना हैं ? 1

अ) धूप और खुली हवा को आ) धूप और चांदनी रात को इ) धूप और बारिश को

5.स्वस्थ रहने के लिए क्या अनिवार्य है? 1

अ) भीगा आँचल और चंदन की खुशबू आ) धूप और खुली हवा इ) दिए गए सभी

6.सुगंधित बातावरण को दर्शाती पंक्तियाँ काव्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। 1

अ)चंदन की खुशबू से भीगा- भीगा आँचल सारा है।

आ)चाहे आँधी शोर मचाए, चाहे बिजली आँख दिखाए

इ) अमर तिरंगा ध्वज उछालकर, नवयुग ने ललकारा

7.कवि ने किसे अपना सौभाग्य माना है? 1

अ) भारत-भू (मातृभूमि) आ) विदेश को इ) दिए गए सभी

## खंड 'ख'

**प्रश्न 2. अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं। जिस जमाने में वे बैरिस्टरी से हजारों रुपये कमाते थे, उस समय भी वे प्रतिदिन सुबह अपने हाथ से चक्की पर आटा पीसा करते थे। चक्की चलाने में उनकी पत्नी कस्तूरबा और उनके लड़के भी हाथ बंटाते थे। साबरमती आश्रम में भी गांधी ने पिसाई का काम जारी रखा। वह चक्की को ठीक करने में कभी-कभी घंटों मेहनत करते थे। गाधी जी की महानता इस बात में झलकती है कि वे किसी भी कार्य को छोटा नहीं समझते थे।वह थकान का नाम भी नहीं जानते थे। दक्षिण अफ्रीका में बोअर युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों को स्ट्रेचर पर लादकर एक-एक दिन में पच्चीस-पच्चीस मील तक ढोया था। वह मीलों पैदल चल सकते थे। दक्षिण अफ्रीका में जब वे टिलस्टॉय बोड़ी में रहते थे, तब पास के शहर में कोई काम होने पर दिन में अकसर बयालीस मील तक पैदल चलते थे।

**बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर**

1. गांधी जी में किस प्रकार की क्षमता थी? 1

अ) सभी प्रकार के कार्य करने की। आ) दूसरों की भरपूर सेवा करने की।

इ) अत्यधिक पैदल चलने की। ई) उपर्युक्त सभी।

2.'बोअर युद्ध' कहाँ हुआ? 1

अ) अमेरिका आ) पूर्वी अफ्रीका

इ) ब्रिटेन ई) दक्षिण अफ्रीका

3.घायल लोगों को अस्पताल पहुँचाने हेतु गांधी जी कितने मील तक स्ट्रेचर खींचते हुए पैदल चलते थे? 1

अ) पचास आ) पच्चीस इ) बीस ई)पद्रह

4.गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में कहाँ रहते थे? 1

अ) टॉलस्टॉय बाड़ी आ) बड़ी बाड़ी इ) काली बाड़ी

5. साबरमती आश्रम में भी गांधी ने कौन सा का कामकाज जारी रखा? 1

अ)साबरमती आश्रम में भी गांधी ने पिसाई का काम जारी रखा।

आ) कपड़े धोने का कार्य जारी रखा।

इ) साफ सफाई करने का कार्य जारी रखा।

6. साबरमती आश्रम में गांधी को कौन सहायता करता था? 1

अ) उनकी पत्नी कस्तूरबा और उनके लड़के भी हाथ बंटाते थे।

आ) उनके मेहमान और गांव वाले हाथ बटाते थे।

इ) दिए गए सभी

7.गांधी जी की महानता किस प्रकार झलकती है? 1

अ) गांधी जी की महानता इस बात में झलकती है कि वे किसी भी कार्य को छोटा नहीं समझते थे।

आ) गांधी जी की महानता इस बात में झलकती है कि वे किसी के द्वारा किया कार्य पसंद नहीं करते थे।

इ) दिए गए सभी

**प्रश्न 2.आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। इनके लिए साधना की जरूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते है। सदा से ये गाए जाते रहे हैं और इनके रचनेवाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं। वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है। इनका संबंध देहात की जनता से है। बड़ी जान होती है इनमें। चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्जापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरवी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाए जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं। पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं। हीर राँझ्व, सोहनी महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला-मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं।आल्हा बुंदेलखंडी में गाए जाते हैं। इनका आरंभ बंदेल राजाओं के राजकवि जगनिक से माना जाता है। उन्होंने आल्हा ऊदल की वीरता का अपने महाकाव्य में बखान किया।हमारे देश में स्त्रियों के गीतों की संख्या अधिक है। ये गीत भी लोकगीत हैं। ऐसे गीतों को स्त्रियाँ
ही गाती हैं। उनकी रचना भी अधिकतर स्त्रियों ने ही की है। वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है। जो बड़े चाव से गए जाते हैं।

**बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर**

1.लोकगीतों का वास्तविक संबंध किनसे है? 1

अ) शहरों से आ) गाँव व देहातों से इ) कस्बों से

2. बंगाल के प्रमुख लोकगीत कौन से हैं?1

अ)चैता आ) कजरी इ) बाउल और भतियालो

3.'माहिया' लोकगीत कहाँ की देन है?1

अ) बनारस आ) पंजाब इ) बिहार

4. राजस्थानी भाषा में कौन से लोकगीत गाए जाते हैं?1

अ) माहिया आ) कजरी इ) ढोला-मारू

5.आल्हा किस भाषा में गाए जाते हैं?1

अ) बुंदेलखंडी भाषा में गाए जाते हैं।

आ) राजस्थानी भाषा में गाए जाते हैं।

इ) बंगाली भाषा में गाए जाते हैं।

5.हमारे देश में किनके गीतों की संख्या अधिक है?1

अ)हमारे देश में स्त्रियों के गीतों की संख्या अधिक है।

आ)हमारे देश में पुरुषो के गीतों की संख्या अधिक है।

इ) हमारे देश में बाल गीतों की संख्या अधिक है।

6. लोकगीतों की क्या विशेषता है?1
अ) लोकगीत सीधे जनता के गीत हैं। इनके लिए विशेष प्रयत्न की आवश्यकता नहीं पड़ती।
आ) लोकगीत विशेष लोगों के गीत है, जिसे विशेष प्रयत्न की आवश्यकता पड़ती है।
इ) दिए गए सभी
7. लोकगीत कौन - कौन से बाजों की मदद से गाए जाते हैं?1
अ) लोकगीत साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं।
आ)लोकगीत साधारण पियानो, गिटार, ट्रंपेट आदि की मदद से गाए जाते हैं।
इ) दिए गए सभी

**प्रश्न 3 अ)निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

मैं सबसे छोटी होऊँ, तेरी गोदी में सोऊँ, तेरा अंचल पकड़-पकड़कर फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ, कभी न झोड़ू तेरा हाथ! बड़ा बनाकर पहले हमको तू पीछे छलती है मात! हाथ पकड़ फिर सदा हमारे साथ नहीं फिरती दिन-रात ! अपने कर से खिला, धुला मुख, धूल पोंछ, सज्जित कर गात, थमा खिलौने, नहीं सुनाती हमें सुखद परियों की बात!

**बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर**

1. 'मैं' का प्रयोग किसके लिए किया गया है? 1
(क) एक छोटी बच्ची के रूप में (ख) संसार के रूप में (ग) सभी लोगों के रूप में
2. वह बड़ी क्यों नहीं होना चाहती ? 1
(क) माँ का स्नेह न खो जाए (ग) वह जिम्मेदारियाँ नहीं सँभाल पाती।
(ख) लेखक के रूप में (घ) सभी लोगों के रूप में
3. यह कविता किस भाषा में लिखी गई है? 1
(क) ब्रज (ख) बोल-चाल (ग) खड़ी बोली
4. माँ का पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1
(क) जननी (ख) पुत्री (ग) भार्या
5. 'रात' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1
(क) अंधियारा (ख) दिन (ग) शाम
6. छलती है' शब्द का अर्थ क्या है ? 1
(क) धोखा देना (ख) स्नेह करना (ग) दिए गए सभी
7. 'सदा' शब्द का अर्थ लिखिए। 1
(क) हमेशा (ख) साधारण (ग)सर्वाधिक

**प्रश्न 3.आ) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

पुर तें निकसी रघुबीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
फिरि बूझति हैं, "चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित है?"।
तिय की लखि आतुरता पिय की आँखयाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

"जल को गए लक्खनु, हैं लरिका परिखौ, पिय! छाँह घरीक है ठाढ़े।
पोछि पसेउ बयारि करौं, अरु पायँ पखारिहाँ भूभुरि-डाढ़े।।"
तुलसी रघुबीर प्रियाश्रम जानि कै बैठि बिलंब लौं कंटक काढ़े।
जानकीं नाह को नेह लख्यौ, पुलको तनु, बारि बिलोचन बाढ़े।।

**बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर**

1. यह प्रसंग किस समय का है? 1
(क) जब श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिला।
(ख) श्रीरामचंद्र को वनवास मिलने पर सीता और लक्ष्मण के साथ जब वे वनो की और बढ़ रहे थे।
(ग) जब दशरथ श्रीराम को वन भेज रहे थे।
(घ) अब सीता ने वनों के मार्ग पर बढ़ने से इंकार कर दिया।
2. पुर से निकलते ही सीता की क्या दशा हो गई? 1
(क) सीता राम के साथ जाने में खुश थी।
(ख) उसे घर परिवार की याद आने लगी।
(ग)वह थक गई उसके माथे पर पसीने की बूँद झलकने लगीं।
(घ)वह राम को वापस जाने का आग्रह करने लगी।
3. प्रियतम की आँखों से आँसू क्यों बहने लगे? 1
(क)क्योंकि वे चल-चलकर थक चुके थे।
(ख)क्योंकि पत्नी की दुर्दशा सहन नहीं कर पाए।
ग)क्योंकि उन्हें अपने माता-पिता की याद आ गई।
4. यह पद्यांश किस भाषा में लिखा गया है? 1
(क) अवधी (ख) ब्रज (ग) भोजपुरी (घ) राजस्थानी
5.लक्ष्मण कहाँ गया था? 1
(क) रावण को मारने (ख) पानी लेने
(ग)खाने-पीने के सामान का इंतजाम करने। (घ) झोपड़ी बनाने के लिए लकड़ियाँ लेने
6.सीता ने प्रिचतम से क्या कहा? 1
क) पति से आराम करने के लिए कहा क्योंकि उन्हें पसीना आ रहा था. और पैर गर्म रेत पर चलने के कारण जल रहे थे।
ख) पति को उलाहना दिया कि बनवास आने का आदेश सुनकर उन्होंने विरोध क्यों नहीं किया।
ग)लक्ष्मण को वापस भेज देने के लिए कहा।आगे न जाकर वही कुटिया बनाने का आग्रह किया।
7. जानकी की क्या दशा हो गई? 1
(क)वह बेहद उदास हो गई।
(ख) जब उसने अहसास किया कि उसके पति उसे खूब प्रेम करते हैं तो उसकी आँखों में आँसू आ गए।
(ग) वे घर के सदस्यों को याद करके अचेत हो जाती थीं।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

**4.निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई (6) के उत्तर दीजिए। (18)**

1.आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं। पाठ से तीन ऐसे प्रसेंगों को अपने शब्दों में लिखो जो इस बात का प्रमाण हों। 3

2.आश्रम में काम करने या करवाने का कौन सा तरीका गांधी जी अपनाते थे? इसे पाठ पढ़कर लिखें। 3

3.गांधी जी इतना पैदल क्यों चलते थे? पैदल चलने के क्या लाभ है? लिखो 3

4.दृढ़ निश्चय एवं आत्मविश्वास व्यक्ति को सफलता दिलाता है-कैसे? 3

5.वनवास श्रीराम को मिला था लेकिन सीता उनके साथ क्यों गई? बन के मार्ग पर उसके विचलित होने का कारण क्या था? 3

6.आधुनिक एवं प्राचीन संग में क्या अंतर है? 3

7. प्रांतीय धरातल पर लोकगीत विशेष महत्व रखते हैं-‘ क्यों? 3

## खंड ‘ग’

## व्याकरण विभाग (20)

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1.निम्नलिखित शब्दों का पर्याय शब्द लिखिए। (2)

1. पक्षी 2. स्त्री

2.निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए। (2)

1.पराधीन x 2. धर्म x

3.नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए । (2)

1.जिसका कोई आधार न हो। 2. जो ईश्वर को न मानता हो।

4.निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। (2)

1. सकूल 2. भासा

5.नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए- (2)

1. मैंने घर जाना है। 2. लोकसभा को चुनाव इस वर्ष होगा।

6. रचना के आधार पर बाक्यों का सही विकल्प चुनिए। (2)

1. दीपांश ने कहा कि वह कक्षा में प्रथम आएगा।

(क)सरल वाक्य (ख) मिश्रवाक्य (ग) संयुक्त वाक्य

2. मैं बीमार था इसलिए गृहप्रवेश समारोह में न आ सका।

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य

7.अर्थ के आधार पर वाक्य का सही प्रकार चुनिए । (2)

1. तुम बाहर जाओ।

[(क) आज्ञावाचक (ख) विस्मयसूचक (ग) संकेतवाचक (घ) निषेधवाचक]

2.मुझे आज मंदिर नहीं जाना।

[(क) आज्ञावाचक (ख) विस्मयसूचक (ग) संकेतवाचक (घ) निषेधवाचक]

8.नीचे लिखी लोकोक्तियों के नीचे उनके चार-चार संभावित अर्थ विए हैं उनमें से सही विकल्प चुनिए- (2)

1.छोटा मुँह बड़ी बात

अ) बहुत बोलना

आ) हैसियत से अधिक बातें करना

इ) बेकार की बातें करना

2.एक अनार सौ बीमार

अ) एक वस्तु के पीछे झगड़ा
आ) वस्तु कम चाहने वाले अधिक
इ) हिम्मत वाले द्वारा कोई वस्तु प्राप्त कर लेना।

9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

1. ताड़ लेना 2. आँखों में आँसू आना

10.नीचे लिखे वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाइए। (2)

1. मोहन तुम कहाँ थे 2. डॉ राजेंद्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति थे

**खंड 'घ' (20)**

**6. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए- (5)**

1. इंटरनेट
(संकेत बिंदु*आधुनिक तकनीकी विज्ञान का आविष्कार *जानकारी प्राप्त करने * संदेश भेजना *मनोरंजन आदि संभव हो सकते हैं *रेलवे टिकट आरक्षित की जाती है *सभी कार्य तेज गति से किए जाते हैं *अनुचित प्रयोग किया जाता है।)
2. सबकी पसंदीदा मेट्रो रेल
(संकेत बिंदु *निरंतर बढत आबादी *समय की बचत *साफ सफाई *सुविधाजनक *दुरुपयोग)

**7.आप कक्षा छठी के विद्यार्थी हैं। आपका कोट दिनांक 15 जनवरी, 20... को खो गया है। इसकी सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट पर लिखिए। (5)**

8. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (5)
1. दादाजी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।
2. बिजली बोर्ड के मुख्याधिकारी को बार-बार बिजली चले जाने पर होने वाली मुश्किलों से अवगत करवाते हुए पत्र लिखिए।

9*. नीचे दिए गए चित्र के आधार 25 से 30 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए । (5)

